प्रभात खबर

सिदगोड़ा : नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, संचालक गिरफ्तार

जमशेदपुर

: सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह ग्वाला बस्ती में बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने छापामारी कर नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. आबकारी विभाग की टीम ने नकली शराब फैक्ट्री के संचालक दीपक यादव को भी गिरफ्तार किया है. छापामारी के क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने अलग-अलग ब्रांड के विदेशी शराब के रैपर, बोतल, ढक्कन को भी जब्त किया है. इसके अलावा जार में भरा शराब और आठ कार्टून में रखे अंग्रेजी शराब को भी जब्त किया है.

दीपक यादव पर अवैध शराब मामले में दर्ज है 10 केस

सहायक उत्पाद आयुक्त विमला लकड़ा ने बताया कि दीपक यादव शातिर बदमाश है. उसपर अवैध रूप से शराब की बिक्री के 10 केस दर्ज हैं. पूर्व में सरायकेला में भी आबकारी विभाग द्वारा दीपक यादव को गिरफ्तार किया गया था. लेकिन वह हाजत से फरार हो गया था. दीपक यादव कई वर्षों से अवैध शराब के कारोबार से जुड़ा है. विभाग द्वारा दबिश बढ़ाये जाने पर अक्सर वह बिहार फरार हो जाता था. फिर वापस लौट कर अवैध शराब के कारोबार से जुड़ जाता

था. गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर छापेमारी की गयी थी. छापामारी टीम में आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर प्रेमप्रकाश उरांव, एसआई ओमप्रकाश समेत होमगार्ड के जवान शामिल थे.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/jamshedpur/sidhgora-fake-liquor-factory-busted-operator-arrested